खबर संक्षेप

तीन दिन से लापता मजदूर का कुएं में मिला शव, पूरे गांव में फैली सनसनी



मैहर। जिले के बदेरा थाना क्षेत्र के अजवाइन गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ 24 अक्टूबर से लापता 36 वर्षीय मजदूर इंद्रपाल चौधरी उर्फ पुत्ती चौधरी का शव घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत के पास बने कुएं में तैरता हुआ मिला। परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराए जाने के अगले ही दिन पुलिस को यह सूचना मिली। सूचना मिलते ही बदेरा पुलिस मौके पर पहुँची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस थाना प्रभारी सोनल सिंह ने बताया कि मृतक मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। फिलहाल,पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मौत के असली कारणों की बारीकी से जांच कर रही है।

स्थगन आदेश के बावजूद अवैध निर्माण, जान से मारने की धमकी

मैहर। जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मनकहरी में भूमि विवाद का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित विष्णुकुमार विश्वकर्मा ने कलेक्टर को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि तहसीलदार के स्थगन आदेश और राजस्व पक्ष में रिपोर्ट होने के बावजूद,दबंग रमेश कुमार गौतम ने उनकी आराजी नंबर 213/1 की जमीन पर स्थायी मकान का निर्माण करवा लिया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी द्वारा लगभग 15x10 फीट हिस्से में डोर लेवल तक निर्माण कर लिया गया है। विरोध करने पर आरोपी द्वारा लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने जनसुनवाई में गुहार लगाते हुए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और अवैध निर्माण पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

ऐतिहासिक बाबा तालाब का अस्तित्व खतरे में जलकुंभी ने घेरा पूरा क्षेत्र

मैहर। मैहर को कभी तालाबों का शहर कहा जाता था,लेकिन भूमाफियों और प्रशासनिक लापरवाही के चलते अब इनका अस्तित्व खतरे में पड़ता जा रहा है। सतना रोड पर स्थित ऐतिहासिक 'बाबा तालाब' इन दिनों पूरी तरह जलकुंभी और जलीय पौधों की चपेट में आ चुका है,जिससे इसकी सुंदरता और स्वच्छता समाप्त हो गई है। तालाब के किनारे प्राचीन शिव मंदिर स्थित है,जहाँ रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुँचते हैं। गंदे पानी और फैली दुर्गंध के कारण श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने नगर पालिका और प्रशासन से अविलंब तालाब की साफ-सफाई कराकर इसे पुनः उपयोगी व स्वच्छ बनाने की पुरजोर मांग की है।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई अपनी सांस्कृतिक और कलात्मक प्रतिभा



मैहर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2027 के तहत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन एकलव्य आवासीय विद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी एवं कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस उत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान समूह लोक नृत्य,समूह लोकगीत,पेंटिंग,कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक जैसी विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना और उन्हें नेतृत्व क्षमता का अवसर प्रदान करना है।

भारतीय रेल में 1,265 स्टेशन मास्टरों की होगी भर्ती

सतना। भारतीय रेल ने केंद्रीकृत रोजगार सूचना के तहत स्टेशन मास्टर के 1,265 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। इसका उद्देश्य रेल परिचालन कार्यबल को मजबूत करना और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

युवती समेत तीन लोगों को आई चोट, चालक गिरफ्तार वाहन जप्त

बेलगाम मिनी कंटेनर ने स्टेशन रोड पर मचाया तांडव ई-रिक्शा और कई वाहनों को रौंदा; कार्यालय में घुसा







सतना। शहर के व्यस्ततम स्टेशन रोड पर मंगलवार दोपहर एक बेलगाम मिनी कंटेनर ने जमकर तबाही मचाई। बेकाबू हुए इस वाहन ने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया और एक कार्यालय में जा घुसा। इस भीषण हादसे में ई-रिक्शा चालक समेत दो लोग घायल हो गए हैं,जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

एक के बाद एक कई वाहनों को मारी टक्कर

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,रीवा से कूरियर लेकर सतना आ रहे डीडीसी कूरियर सर्विस के इस मिनी कंटेनर (क्रमांक CG 04 MT0136) के चालक ने अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। प्रेम नर्सिंग होम के पास अनियंत्रित हुआ यह ट्रक सड़क किनारे खड़े दो स्कूटर,एक स्पोर्ट्स बाइक और एक ई-रिक्शा को टक्कर मारते हुए अधिवक्ता आशीष जैन के कार्यालय में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों के परखच्चे उड़ गए और कार्यालय तथा आसपास की दुकानों के दरवाजे,बोर्ड व अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए।

हादसे में घायल लोगों के नाम

उमेश दहिया (आयु 40 वर्ष) ई-रिक्शा चालक,क्षमा पाठक (आयु 22 वर्ष) जो कि कियोस्क सेंटर के बाहर खड़ी थीं। इसके अलावा एक व्यक्ति को मामूली चोटे आए हैं।

गुस्साए स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ा

घटना के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूझबूझ दिखाते हुए स्थानीय लोगों ने मौके पर ही अनियंत्रित वाहन के चालक को दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।थाना प्रभारी हेमंत शर्मा ने बताया कि हादसे में तीन से चार दोपहिया वाहन,दुकान और कार्यालय का सामान क्षतिग्रस्त हुआ है। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि चालक के पास वाहन के वैध दस्तावेज नहीं मिले हैं। प्राथमिक जानकारी के अनुसार,यह वाहन जबलपुर की जय भोले कंपनी का बताया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक के खिलाफ नियमानुसार सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सालों पहले शहर में घुसे ट्रक ने मचाया था कोहराम

शहर के इतिहास में बेकाबू और तेज रफ्तार ट्रक का सबसे बड़ा और खौफनाक हादसा अगस्त 2013 में हुआ था। यह घटना 13साल पहले की है,लेकिन इसकी भयानकता के कारण लोग आज भी इसे शहर के सबसे बड़े हादसों के रूप में याद करते हैं। मैहर से सीमेंट लोड करके आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रक नजीराबाद इलाके से नो-एंट्री के बावजूद शहर के व्यस्ततम बाजार में घुस गया था।बेकाबू ट्रक ने जयस्तंभ चौक और बिहारी चौक से होते हुए पन्नीलाल चौक और घंटाघर जैसे सबसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में जमकर तबाही मचाई थी। इस हादसे में ट्रक ने सड़क किनारे चल रहे लोगों,हाथ ठेलों,ऑटो और कारों को रौंद दिया था,जिसमें मौत भी हो गई थी और दर्जन भरसे अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना में बड़ी संख्या में वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना के बाद जनता का गुस्सा फूट पड़ा था। ट्रक चालक अर्जुन कश्यप को पुलिस







ने गिरफ्तार किया था और उसे कोर्ट ने जेल भी भेजा था। इस



घटना में घायल लोग आज भी सहायता के लिए परेशान हैं।

धवारी स्टेडियम का नाम बदलने के प्रस्ताव पर गरमाई सियासतः कांग्रेस ने कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



सतन। धवारी स्टेडियम के नामकरण को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस पार्षद दल ने संयुक्त रूप से नगरनिगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपकर धवारी वार्ड क्र.31 स्थित स्टेडियम का नामकरण प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कुंवर अर्जुन सिंह के नाम पर यथावत रखने की जोरदार मांग की है। कांग्रेस ने नियमों को ताक पर रखकर इसे बदलने के प्रयासों का पुरजोर विरोध किया है। पार्टी प्रवक्ता अमित गोयल ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रावेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि इस स्टेडियम का नामकरण स्व.कुंवर अर्जुन सिंह के नाम पर करने का प्रस्ताव नगर पालिक निगम की 'मेयर इन काउंसिल' और परिषद में पहले ही पारित हो चुका है,जिसकी पुष्टि तत्कालीन महापौर ममता पाण्डेय द्वारा भी की गई थी। आगामी 28 अक्टूबर को होने वाली परिषद की बैठक के एजेंडे में वर्तमान महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा इस स्टेडियम का नाम अपने पिता स्व.शंकर प्रसाद ताम्रकार के नाम पर करने का नया बिंदु रखा गया है। कांग्रेस ने इसे नगर पालिक निगम अधिनियम का सीधा उल्लंघन बताया है,जिसके तहत कोई भी पदाधिकारी अपने सगे-सम्बन्धियों के नाम पर संस्था से इस प्रकार सीधा लाभ लेने हेतु अधिकृत नहीं है। महान विभूति का अपमान और अनुचित प्रक्रिया कांग्रेस नेताओं ने कड़े शब्दों में कहा कि स्व.कुंवर अर्जुन सिंह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री और पंजाब के राज्यपाल जैसे उच्च संवैधानिक पदों पर रहे एक महान राजनेता थे। ऐसी शख्सियत के नाम पर पहले से तय स्टेडियम का नाम बदलना पूरी तरह से अमर्यादित है। इसके अलावा,चूंकि यह स्टेडियम निगम द्वारा निर्मित नहीं है,इसलिए बिना विधिक प्रक्रिया के इसका नाम बदलने की कार्रवाई गैर-कानूनी है। ज्ञापन के दौरान वार्ड नं.21 के पार्षद गोपी गेलानी द्वारा 'नारायण तालाब सरोवर' का नाम 'झूलेलाल सरोवर' करने के एमआईसी से पास प्रस्ताव का भी जिक्र किया गया,और मांग की गई कि सभी मामलों में जनता की भावनाओं और नियमों का पूरा सम्मान किया जाए।इस विरोध प्रदर्शन के दौरान शहर अध्यक्ष,नेता प्रतिपक्ष रावेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारियों ने युवाओं को साइबर,महिला सुरक्षा और यातायात के दिए महत्वपूर्ण टिप्स





सतना। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय,सतना) में जन सुरक्षा युवा-सृजन संवाद योजना के तहत एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना और उनमें जिम्मेदार नागरिकता की भावना को मजबूत करना था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) प्रेमलाल कुर्वे ने अभियान के उद्देश्यों और वर्तमान समय में इसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को सतर्क रहने की प्रेरणा दी। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्वेता मौर्या ने छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम, आत्मरक्षा, महिला सशक्तिकरण और 'गुड टच-बैड टच' जैसे संवेदनशील विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक पूनम रावत ने युवाओं को यातायात नियमों के सख्ती से पालन करने और सड़क सुरक्षा के उपायों के प्रति जागरूक किया। साइबर सेल के प्रधान आरक्षक विपिन मिश्रा ने आज के डिजिटल युग में हो रहे साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपायों और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के तरीके साझा किए।पुलिस की इस अनूठी पहल का उद्देश्य युवाओं को सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए तैयार करना और समाज में जन सुरक्षा–जन जागरूकता–सुरक्षित समाज के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है।

कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचे 62 आवेदन अपर कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



मैहर। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर रोशन राय ने जिले भर से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 62 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पिपरा कला के आवेदक ने खेल मैदान की बाउंड्रीवॉल निर्माण में आ रहे अतिक्रमण को हटाने की गुहार लगाई,जिस पर त्वरित जांच के निर्देश दिए गए। वहीं, ग्राम भरौली लटागांव के एक आवेदक ने पिछले 10 वर्षों से गौशाला संचालित करने के एवज में तहसीलदार द्वारा लगाए गए जुर्माने का मामला उठाया। अपर कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर शासन के नियमों के अंतर्गत उचित एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

महापौर ने 29 लाख के सीसी रोड निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन



सतना। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने वार्ड क्रमांक 04 के पौराणिक टोला,सिविल लाइन में 29 लाख की लागत से विभिन्न स्थानों पर बनने वाली सीसी सड़कों का विधिवत भूमिपूजन किया। इन निर्माण कार्यों से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और सड़क व्यवस्था बेहतर होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी,निर्माण विभाग अध्यक्ष गोपी गेलानी,पार्षद अमित अवस्थी ,वरिष्ठ समाजसेवी आर.एन.त्रिपाठी,नगर निगम के सेवानिवृत्त सहायक यंत्री राजेश गुप्ता,रघुराज सिंह, गोविंद सोनी एवं राजमणि गौतम सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि सतना के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना नगर निगम की प्राथमिकता है। नागरिकों को बेहतर सड़क, सुगम आवागमन और सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

नवागत कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण



पन्ना। जिले के नवागत कलेक्टर एवं वर्ष 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हर्ष सिंह ने सोमवार को अपरान्ह में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे सहित जिला कोषालय अधिकारी विनोद कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम आलोक मार्को एवं डिप्टी कलेक्टर अनुराग गुर्जर भी उपस्थित रहे। नवागत कलेक्टर इसके पूर्व जनवरी 2025 से बुरहानपुर कलेक्टर के पद पर कार्यरत रहे। इसके पूर्व भी विभिन्न स्थानों पर कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

दुर्गा विसर्जन के चंदे के हिसाब को लेकर विवाद, मारपीट में युवक घायल

अमानगंज। जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रतनपुरा के गौड़याना मोहल्ले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के चंदे का हिसाब-किताब करने के दौरान विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। फरियादी संतोष आदिवासी (45), निवासी गौड़याना मोहल्ला रतनपुरा, की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के चंदे का हिसाब-किताब किया जा रहा था। इसी दौरान विष्णु आदिवासी और हक्कू आदिवासी कथित तौर पर वहां पहुंचे और हिसाब-किताब को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर फरियादी के साथ मारपीट की गई। बीच-बचाव करने आए लोगों के सामने भी विवाद बढ़ गया, जिसमें फरियादी के सिर में चोट आई और खून निकलने लगा। फरियादी ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान अन्य लोगों ने भी उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। घटना के बाद उसने अमानगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(बी), 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

महर्षि वाल्मीकि जयन्ती पर आयोजित कवि गोष्ठी



पन्ना। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जिला इकाई पन्ना (महाकौशल प्रांत) के तत्वाधान में 26 अक्टूबर 2026 को दोपहर 1:00 बजे साईं मंदिर के सभागार में महर्षि बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य पर नगर के वयोबृद्ध माटी के गीतकार गोविन्द यदुवंशी के मुख्य अतिथित्य पर विशेष काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ कवि जगदीश कुशवाहा प्रबोध एवं मंच संचालन एस कुमार चनपुरिया ने किया। जिला इकाई अध्यक्ष/संयोजक वृषान्त कुमार जोशी वारिद एवं सह संयोजक सीता राम कुशवाहा अनुराग ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। काव्य गोष्ठी मे डां.किरण राजेश सिंह, सुरेश श्रीवास्तव सौरभ, मुरली धर सिंह राजपूत, संतोष मोर, विनोद अवस्थी, तृषान्त जोशी वारिद, सीताराम कुशवाहा अनुराग, दिबेश शुक्ला, रामरुद्र तिवारी, रूपराम कुशवाहा, वीरेंद्र कुमार जडिया, गया प्रसाद नायक, विधानंद सिंह आदि सभी कवियों ने एक से बढ़ के एक आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जी को समर्पित काव्य पाठ किया। जिला इकाई के संरक्षक डॉ. सुरेश सौरभ द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों के आभार व्यक्त करने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

नवागत कलेक्टर ने शासकीय कार्यालय एवं शाखाओं का किया निरीक्षण



पन्ना। नवागत कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को सुबह कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शासकीय कार्यालय एवं शाखाओं का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने अधीक्षक शाखा सहित विधि, आवक-जावक, सामान्य, वित्त, भू-अर्जन और अन्य शाखाओं के औचक निरीक्षण के दौरान रिकार्ड और पंजियों का अवलोकन कर अधिकारी-कर्मचारियों से वांछित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ई-दक्ष केन्द्र में शासकीय सेवकों के दक्षता संवर्धन के लिए संचालित प्रशिक्षण का अवलोकन कर प्रशिक्षक वैभव सोनी एवं अन्य प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के उद्देश्य और रूपरेखा के बारे में पूछा। जिला कोषालय के निरीक्षण के दौरान समक्ष में आहरण-संवितरण अधिकारीवार देयक प्रस्तुतीकरण एवं कोषालय स्तर पर देयक पारितीकरण की आगामी प्रक्रिया भी समझी। उन्होंने वित्तीय मामलों में शासन के निर्देश मुताबिक कार्यवाही के लिए कहा।

जेके सीमेंट की पहल से खड़े हुए नए उद्यम, खुद का व्यवसाय शुरू करने के साथ-साथ दूसरों के लिए भी खोल रहे हैं रोजगार के द्वार

अमानगंज। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में युवाओं को स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक नई और प्रेरक क्रांति देखने को मिल रही है। जेके सीमेंट ने श्भारतीय युवा शक्ति ट्रस्टश के साथ मिलकर स्थानीय युवाओं के सपनों को साकार करने का बीड़ा उठाया है। श्उद्यमिता विकास कार्यक्रमश के तहत पन्ना के युवाओं को खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए उचित मार्गदर्शन, तकनीकी प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता मुहैया कराई जा रही है, जिससे क्षेत्र में स्वरोजगार के नए द्वार खुल गए हैं। इस पहल का सबसे बड़ा और सकारात्मक पहलू यह है कि यहाँ के उद्यमी न केवल खुद का व्यवसाय शुरू कर रहे हैं, बल्कि अपनी इकाइयों के माध्यम से सप्लाई चेन, परिवहन और अन्य सहायक सेवाओं के जरिए बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन कर रहे हैं।





सफलता की मुख्य उपलब्धियाँ -

6,000 से अधिक युवाओं तक पहुँचरू व्यापक जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से अब तक पन्ना क्षेत्र के 6,345 युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़कर मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। सघन प्रशिक्षण एवं काउंसलिंगरू 756 युवाओं की करियर काउंसलिंग की गई, जबकि 265 युवाओं को गहन व्यावसायिक एवं उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण दिया गया। 130 अनुभवी मेंटर्स का साथरू युवाओं के सही दिशा-निर्देशन और व्यावसायिक चुनौतियों से निपटने के लिए क्षेत्र के 130 अनुभवी मेंटर्स को इस नेटवर्क से जोड़ा गया है। 98 नए उद्यमियों का उदयरू इस जमीनी पहल के परिणामस्वरूप पन्ना जिले में 98 नए सफल उद्यमी तैयार हो चुके हैं, जो अपने स्वयं के उद्यम का संचालन कर रहे हैं। 4.15 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायतारू युवाओं के व्यापारिक विचारों को धरातल पर उतारने और मौजूदा इकाइयों को मजबूती देने के लिए विभिन्न बैंकों के सहयोग से 4,1500000 (4.15 करोड़ रुपये से अधिक) का ऋण स्वीकृत कराकर वितरित किया गया है।

जॉब सीकर नहीं, अब जॉब क्रिएटर बन रहे पन्ना के युवा

जेके सीमेंट और ठल्ैज् की इस संयुक्त मुहिम ने पन्ना के युवाओं की सोच में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। अब यहाँ का युवा केवल नौकरी की तलाश करने वाला नहीं रहा, बल्कि खुद का उद्यम स्थापित कर स्थानीय स्तर पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अपार अवसर पैदा करने वाला जॉब क्रिएटर बन रहा है। इस दूरदर्शी पहल से पन्ना की स्थानीय अर्थव्यवस्था को एक नई और मजबूत गति मिल रही है।

सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी एवं सामान्य वर्ग उत्थान संगठन की बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



देवेन्द्रनगर। नगर के प्रसिद्ध बघराजन मंदिर के सभागार में सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी एवं सामान्य वर्ग उत्थान संगठन की बैठक प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी के मुख्य आथित्य में संपन्न हुई। जिला संयोजक रवि रावत एवं तहसील कार्यवाहक अध्यक्ष दीपक तिवारी सहित विशेष सहयोगी सरपंच राजेंद्र सिंह और संभाग सचिव हरीश गुप्ता के आयोजन में अजयगढ़ खदियन हनुमान मंदिर परिसर में पूर्व प्रस्तावित बैठक को लेकर 65 पंचायतों में निवासरत सवर्ण समाज के भाईयो को आमंत्रित कर विशाल बैठक हेतु स्व प्रेरणा से जिम्मेदारी लेने हेतु सवर्ण अधिकारी कर्मचारी एवं सामान्य वर्ग उत्थान संगठन के सक्रिय पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि इंजीनियर अजय तिवारी रहे उपस्थिति सभी ने ग्राम पंचायत वार आमंत्रण की जिम्मेदारी ली साथ ही संकल्प लिया कि अजयगढ़ में एक विशाल संघ व्यूह रचना की जाएगी जिसमें ब्राह्मण क्षत्रिय कायस्थ वैश्य जैन जो भी सामान्य वर्ग में आते है एक एक को जोड़ा जाएगा बैठक के आयोजक रवि रावत जी और तहसील कार्यवाहक अध्यक्ष दीपक तिवारी ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया बैठक में संरक्षक लाल बहादुर चौबे और श्यामबिहारी गर्ग ने उपस्थिति सभी को जिम्मेदारी वितरित की।बैठक में संगठन के विस्तार, समाज के लोगों को जोड़ने तथा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।बैठक में संगठन की एकजुटता बनाए रखने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा समाज के लोगों को संगठित कर संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनाने और संगठन की गतिविधियों का विस्तार करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी,जिला संयोजक रवि रावत,वरिष्ठ सदस्य लाल बहादुर चौबे,कार्यकारी तहसील अध्यक्ष दीपक तिवारी, श्याम बिहारी गर्ग, धनंजय मिश्रा,ब्रजेश गुप्ता, आदित्य रिछारिया, बाबूलाल तिवारी,दिनेश रावत, दिनेश चौबे, सत्यम मिश्रा, रावेन्द्र तिवारी, रामनारायण मिश्रा,दिनेश चौबे, महेंद्र बाजपेई, देवदत्त शुक्ला, मोती मिश्रा सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी अजयगढ़ के भापतपुर कुर्मियान में नहीं मिला जमीन का हक, प्रशासनिक लापरवाही से पीड़ति परेशान'

पन्ना। जिले की अजयगढ़ तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम भापतपुर कुर्मियान में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां देश की सर्वोच्च अदालत (सुप्रीम कोर्ट) से दशकों पुराने जमीन विवाद का निपटारा होने के बावजूद, पीड़ति भू-स्वामी को अपनी ही पुश्तैनी जमीन पर वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका है। प्रशासनिक उदासीनता के चलते पीड़ति परिवार आज भी अपनी ही जमीन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।



3 अराजी नंबरों की कुल 0.5800 हेक्टेयर जमीन का है मामला- प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भापतपुर कुर्मियान निवासी आवेदक लक्ष्मण प्रसाद पिता धनी राम के नाम पर सरकारी दस्तावेजों में अराजी नम्बर 702 (रकवा 0.2800 हेक्टेयर), अराजी नम्बर 716 (रकवा 0.2000 हेक्टेयर) एवं अराजी नम्बर 719 (रकवा 0.1000 हेक्टेयर) दर्ज है। इस तरह कुल किता 3, कुल रकवा 0.5800 हेक्टेयर की इस कीमती जमीन को लेकर श्शांति बनाम लक्ष्मण व अन्यश् (याचिका संख्या 12431/2009) का विवाद वर्षों से न्यायालय में चल रहा था।

सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज, फिर भी दबंगों का कब्जा-यह मामला मध्य प्रदेश हाई कोर्ट जबलपुर के आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और माननीय न्यायमूर्ति आर. महादेवन की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई करते हुए विपक्ष की विशेष अनुमति याचिका (स्च) को खारिज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मामले का पटाक्षेप किए जाने के बाद यह साफ हो गया कि जमीन पर लक्ष्मण प्रसाद का दावा वैध है। इसके बावजूद, विपक्षी दल (शांति व अन्य) अपनी दबंगई के बल पर जमीन का कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

राजस्व अमले और अजयगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

आवेदक लक्ष्मण प्रसाद का आरोप है कि न्यायालयीन आदेशों की प्रमाणित प्रति (ब्मतजपपिमक ब्वचल) होने के बावजूद स्थानीय राजस्व अमला (पटवारी/तहसीलदार) और अजयगढ़ पुलिस बल मौके पर जाकर सीमांकन करने और उन्हें वास्तविक कब्जा दिलाने में टालमटोल कर रहे हैं। पीड़ति ने बताया कि सरकारी रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने और कोर्ट से जीतने के बाद भी वे अपनी ही जमीन पर खेती नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके परिवार के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ति परिवार ने पन्ना कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (च) से मांग की है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए अजयगढ़ प्रशासन को निर्देशित किया जाए, ताकि पुलिस बल की मौजूदगी में उन्हें जमीन का कब्जा मिल सके। न्याय न मिलने की स्थिति में पीड़ति ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मकान से 239.04 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जप्त, दो आरोपी गिरफ्तार

अमानगंज। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना सिमरिया पुलिस द्वारा ग्राम आमघाट में कार्रवाई करते हुए एक मकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जप्त की गई है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जप्त शराब की अनुमानित कीमत 1,79,280 है। दिनांक 27.10.2026 को थाना सिमरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आमघाट निवासी जितेन्द्र सिंह गौर अपने घर में भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम स्वतंत्र साक्षियों के साथ ग्राम आमघाट पहुंची। मौके पर संदेही जितेन्द्र सिंह गौर एवं कमलेश लोधी मिले। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मकान की तलाशी ली गई, जिसमें एक कमरे के अंदर दीवार के पास खाकी रंग के 27 कार्टून रखे मिले। जप्त मशरूका - कार्टूनों को खोलकर जांच करने पर उनमें गोवा कंपनी की अंग्रेजी शराब के कुल 1,328 क्वार्टर बरामद हुए। प्रत्येक क्वार्टर 180 एमएल का था। इस प्रकार कुल शराब की मात्रा 239.04 लीटर तथा अनुमानित कीमत 1,79,280 पाई गई। पुलिस द्वारा जप्त शराब में से प्रत्येक कार्टून से परीक्षण हेतु दो-दो क्वार्टर नमूने के रूप में निकालकर विधिवत सीलबंद किए गए तथा शेष शराब को नियमानुसार जप्त किया गया।



गिरफ्तार आरोपियों के नाम'- जितेन्द्र सिंह गौर, पिता देवेन्द्र सिंह गौर, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम आमघाट, थाना सिमरिया, जिला पन्ना। कमलेश लोधी, पिता अवधलाल लोधी, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम हरदुआ ब्यरमा, थाना सिमरिया, जिला पन्ना।

शराब के स्रोत के संबंध में जांच जारी-पूछताछ के दौरान जितेन्द्र सिंह गौर द्वारा उक्त शराब अपने साथी कमलेश लोधी के साथ मिलकर गैसाबाद निवासी वीरेन्द्र पटेल से खरीदकर घर में छिपाकर रखना बताया गया। आरोपी के कथन के आधार पर वीरेन्द्र पटेल को भी प्रकरण में सह-आरोपी बनाया गया है। पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही है तथा शराब की आपूर्ति के संबंध में अग्रिम विवेचना जारी है।

वैधानिक कार्रवाई'- आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब बरामद होने एवं वैध लाइसेंस संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर थाना सिमरिया में अपराध क्रमांक 0/26, धारा 34(2) एवं 42 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका'- उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सिमरिया माधवी अग्निहोत्री सउनि एच.सी. राठौर एवं हमराह पुलिस बल प्रधान आरक्षक नवीन कुमार चौरसिया, आरक्षक श्याम सिंह, आरक्षक रामजी पटेल, महिला आरक्षक पूजा साहू तथा थाना प्रभारी के साथ पहुंचे प्रधान आरक्षक सर्वेन्द्र कुमार, प्रधान आरक्षक नीरज बागरी, आरक्षक अंकित पटेल एवं आरक्षक तुलसीदास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा के लिए डॉ. राहुल शर्मा को मिला राजजी महाराज का आशीर्वाद

अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव में सैकड़ों लोगों ने लिया स्वास्थ्य परामर्श का लाभ, श्री प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट ने किया सम्मान



पन्ना। अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर श्री प्राणनाथ जी मंदिर परिसर में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श का लाभ लिया। मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी एवं नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ. राहुल शर्मा ने मरीजों को परामर्श देकर उनकी समस्याओं के संबंध में सटीक जानकारी और उचित उपचार के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। उनकी इस सेवाभावी पहल की सराहना करते हुए श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें शॉल एवं रुमाल ओढ़ाकर राजजी महाराज का आशीर्वाद प्रदान किया गया। महोत्सव के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में हुए इस सम्मान समारोह में श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रेमकिशोर शर्मा, ट्रस्टी राजेश शर्मा, प्रेम शर्मा, डॉ. राहुल शर्मा की माताजी अनीता शर्मा तथा मंदिर के मंच संचालक कृष्ण कुमार शर्मा (छोटू) सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। डॉ. राहुल शर्मा के पिता एवं श्री प्राणनाथ जी मंदिर के पूर्व महाप्रबंधक देशभूषण शर्मा ने भी उनके सेवा कार्य की सराहना की। उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने की पहल को जनहित में सराहनीय बताया। शिविर के माध्यम से मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से संबंधित समस्याओं से परेशान मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श प्राप्त करने का अवसर मिला। धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य सेवा की इस पहल ने समाजसेवा और जनकल्याण का संदेश दिया।

शासन की योजनाओं से दूर बेवा आदिवासी महिला का परिवा, पति की मौत के पांच साल बाद भी विधवा पेंशन स्वीकृत नहीं, राशन से भी वंचित

पन्ना। सरकार द्वारा समाज में कमजोर वर्गो महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे गरीब परिवारों को जीवनयापन में मदद मिलें। समाज के अंतिम छोर तक सरकार की योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए सरकार के निर्देश पर प्रशासन के नेतृत्व में समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाए जाते है किन्तु इन सबके बावजूद मैदानी स्तर पर जिम्मेदारों की - लापरवाही की वजह से ऐसे मामले सामने आ रहे है कि सर्वाधिक जरूरतमंद होने के बावजूद उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है एक ऐसी ही बेवा आदिवासी महिला प्रीति आदिवासी का सामनेआया है जिसके पति मलखान गौड़ की पांच साल पहले मौत हो गई थी।

बेवा प्रीति आदिवासी अपने बच्चो के साथ

किन्तु महिला को अभी तक शासन से मिलने वाली विधवा पेंशन स्वीकृत नही हुई है साथ ही महिला को खाद्य सुरक्षा



योजना के अंतर्गत खाद्यान्न भी नही मिल रहा है। आदिवासी बेवा महिला के पति की मौत के बाद स्वयं के साथ अपने दो पुत्रों और एक पुत्री की भरण-पोषण की जिम्मेदारी भी है। पन्ना जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रहुनियां में रहने वाली प्रीति आदिवासी को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से आवास निर्माण के लिए कुटीर स्वीकृत हुई थी किन्तु आवास निर्माण के लिए मात्र एक ही किस्त महिला के खाते में पहुंची है जिसके चलते लंबे समय से आवास निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है और महिला अपने बच्चो के साथ कच्ची झोपड़ीनुमा पुराने आवास में रहने के लिए मजबूर है जिसमें बरसात के दौरान झोपड़ी के अंदर पानी पहुंचने से उन्हें तथा उनके बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महिला का आरोप-पंचायत के चक्कर काटकर थक चुकी हूं

बुनियादी सुविधाओ के अभाव में बच्चों के साथ जीवनयापन कर रही प्रीति आदिवासी का कहना है कि खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए कई बार पंचायत के चक्कर काटकर पंचायत सचिव तथा अन्य अधिकारियों से शिकायत कर चुकी है किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पंचायत द्वारा पति की मौत हो जाने के बाद अभी तक पेंशन भी नही लगाई गई है। कागज के नाम पर उसे परेशान किया जा रहा है। आवास के लिए एक ही किस्त मिली है जिसके चलते स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास बन नही पा रहा है। बच्चो के भरण-पोषण में भारी परेशानी हो रही है कोई सुनने वाला नही है।

इनका कहना है -

आदिवासी महिला के मामले में जो जानकारी सामने लाई गई है उसकी जानकारी देख रहा हूं। आवास की राशि का बजट आने पर उसे शेष किश्तों में आवास निर्माण के लिए राशि उपलब्ध हो जायेगी। पात्रता अनुसार पेंशन का प्रकरण भी तैयार कर पेंशन स्वीकृत कराई जायेगी। खाद्यान्न किन कारणों की वजह से बंद है इसकी जानकारी लेकर उचित कार्यवाही की जायेगी।

राकेश अहिरवार, सचिव रहुनियां जनपद पन्ना

खबर संक्षेप

बक्सोई के बछरगाय मंदिर में 14 वर्षों से जारी अखंड रामधुन का भव्य समापन

बिजावर। विधानसभा क्षेत्र बिजावर अंतर्गत ग्राम बक्सोई स्थित प्रसिद्ध बछरगाय मंदिर में विगत 14 वर्षों से अनवरत चल रही अखंड रामधुन का भव्य समापन होने जा रहा है। इस पावन अवसर पर 30, 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को तीन दिवसीय श्री भक्तमाल कथा एवं भक्ति संगीत का विशाल धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया है। इस भव्य धार्मिक आयोजन के संयोजक एवं निवेदक स्थानीय विधायक राजेश शुक्ला बबलू हैं। कार्यक्रम के दौरान गोरीलाल कुंज, वृन्दावन के परम पूज्य रसिकाचार्य किशोरदास देव महाराज के पावन सानिध्य में श्रद्धालु तीन दिनों तक श्री भक्तमाल कथा का रसपान करेंगे। इसके साथ ही आयोजन में श्री रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार, बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एवं राधा सर्वेश्वर पीठ गोवर्धन धाम पीठाधीश्वर चक्र सुदर्शनदास महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन के तहत प्रतिदिन शाम को विशेष भजन व भक्ति संगीत के कार्यक्रम संपन्न होंगे। पहले दिन 30 अक्टूबर को रसिक संत चित्र-विचित्र महाराज के सानिध्य में भक्ति संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद 31 अक्टूबर को स्थानीय कलाकारों द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा। वहीं 1 नवंबर को देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका साध्वी पूर्णिमा दीदी अपनी सुमधुर आवाज में भजन भक्ति संगीत की प्रस्तुति देंगी। तीन दिवसीय कथा और भक्ति अनुष्ठान की पूर्णाहूति के उपरांत 2 नवंबर को विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन रखा गया है। क्षेत्रीय विधायक राजेश शुक्ला ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों व श्रद्धालुओं से इस आध्यात्मिक महोत्सव में सपरिवार पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

जमीन विवाद में धमकी का आरोप, पति-पत्नी पहुंचे एसपी ऑफिस



छतरपुर। जिले के सरवई थाना क्षेत्र के ग्राम नांद निवासी एक दंपती मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा, जहां महिला छवि बाई सोनी ने परिवार के कुछ लोगों पर जमीन पर जबरन कब्जा करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाते हुए शिकायती आवेदन सौंपा। शिकायत के अनुसार, 24 अक्टूबर 2026 को छवि बाई सोनी अपने खेत पर जुताई कराने पहुंची थीं। आरोप है कि इस दौरान जयकरण सोनी, रामकिशोर सोनी और फूला रानी सहित अन्य लोगों ने खेत की जुताई करने से रोका और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

गहरवार गांव में स्वामित्व योजना के सर्वे में गड़बड़ी से 500 से अधिक परिवार वंचित, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। जिले के ग्राम गहरवार में स्वामित्व योजना के तहत किए गए सर्वे में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके कारण सैकड़ों ग्रामीण इस महत्वकांक्षी योजना के लाभ से वंचित हो गए हैं। इस समस्या को लेकर प्रह्लाद सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह, पहलवान सिंह, संदीप सिंह और रामकुमार तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

विधायक ने किया 25 लाख के सामुदायिक भवन का लोकार्पण

छतरपुर। राजनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पहाड़ी बावन इलाके में हाल ही में एक भव्य दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विधायक अरविंद पटेरिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को बड़ी सौगात देते हुए 25 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों का भारी जनसैलाब उमड़ा, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला।



उमड़ा जनसैलाब, आपसी सौहार्द और उत्साह का दिखा अनूठा नजारा

दशहरा पर्व के पावन अवसर पर आयोजित इस समारोह में राजनगर के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। लोगों की इस भारी भीड़ और भागीदारी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह के दौरान विधायक अरविंद पटेरिया ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उन्हें दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस मेल-मिलाप के कार्यक्रम ने इलाके में सामाजिक एकजुटता, आपसी भाईचारे और सौहार्द का एक मजबूत संदेश दिया है।

25 लाख की लागत वाले सामुदायिक भवन से क्षेत्र को मिलेगी नई सुविधा

पहाड़ी बावन में नवनिर्मित सामुदायिक भवन के लोकार्पण से स्थानीय निवासियों में काफी प्रसन्नता है। इस भवन के बनने से अब ग्रामीण अपने सामाजिक आयोजनों, बैठकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सुगमता से आयोजित कर सकेंगे। विधायक पटेरिया द्वारा दी गई इस विकास सौगात को लेकर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया और इस आयोजन को क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इंसानियत की अनूठी मिसालः दिन में व्यापार रात को घायल गोवंश का मसीहा बनता है यह युवा

लवकुशनगर। आज के इस दौर में जहां लोग अपनी व्यस्त जिंदगी से दूसरों के लिए चंद मिनट भी नहीं निकाल पाते, वहीं समाज में कुछ ऐसे बिरले लोग भी हैं जो मानवता की नई परिभाषा लिख रहे हैं। एक ऐसा ही युवा जिनका नाम सुनील त्रिवेदी उर्फ लडडू इन दिनों हर किसी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना हुआ है, जो दिनभर कड़ी मेहनत कर अपना व्यापार चलाता है और रात होते ही बेसहारा व घायल गोवंश के लिए किसी देवदूत की तरह सड़कों पर निकल पड़ता है। अपनी मेहनत की कमाई का एक हिस्सा बचाकर वह रात के अंधेरे में बेजुबानों का दर्द बांट रहा है। यह युवा दिन के समय अपने व्यवसाय को पूरी ईमानदारी से संभालता है ताकि वह आत्मनिर्भर रह सके। लेकिन जैसे ही सूरज ढलता है और लोग अपने घरों में आराम करने लौटते हैं, इस युवा की एक अलग ही दिनचर्या शुरू होती है। व्यापार से होने वाली आय में से वह हर महीने एक निश्चित हिस्सा अलग रख लेता है। इसी बचत पूंजी से वह घायल, बीमार और सड़क दुर्घटना का शिकार हुए गोवंश के लिए महंगी दवाइयां, पट्टियां और अन्य जरूरी मेडिकल सामान खरीदता है।

डॉक्टर की तरह कंधे पर दवाइयों का बैग

सड़कों पर घूमते इस युवा के पास किसी पेशेवर पशु चिकित्सक की तरह एक बड़ा बैग होता है। इस बैग में तरह-तरह के एंटीसेप्टिक लिक्विड, घाव सुखाने के मलहम, दर्द निवारक गोलियां, पट्टियां, और इंजेक्शन हमेशा तैयार रहते हैं। रात के सन्नाटे में जब भी उसे कहीं से किसी गाय या बैल के घायल होने की सूचना मिलती है, या वह खुद किसी तड़पते हुए गोवंश को देखता है, तो तुरंत अपनी मोटरसाइकिल रोककर उनका उपचार शुरू कर देता है। बिना किसी डर या झिझक के, वह लहूलुहान गोवंश के पास बैठता है, उनके घावों को साफ करता है और उन्हें दवाइयां खिलाकर पट्टी बांधता है।

निःशुल्क इलाज और मूक पशुओं का दर्द

इस युवा का यह सेवा कार्य पूरी तरह से निःशुल्क है। वह न तो किसी से चंदा लेता है और न ही इलाज के बदले कोई पैसे स्वीकार करता है। उसका मानना है कि मूक पशु अपना दर्द बोलकर बयां नहीं कर सकते, इसलिए इंसानों का उनके प्रति कर्तव्य और बढ़ जाता है। कई बार गंभीर रूप से घायल गोवंश को ठीक होने में हफ्तों लग जाते हैं, और यह युवा हर रात आकर उनकी पट्टी बदलता है और दवाइयां देता है जब तक कि वे पूरी तरह स्वस्थ न हो जाएं। उसके इस निश्छल सेवा भाव को देखकर अब स्थानीय लोग भी उसकी सराहना कर रहे हैं और घायल पशुओं की सूचना उस तक पहुंचाते हैं।आज जब तेज रफ्तार गाड़ियों की चपेट में आकर कई मूक पशु सड़कों पर दम तोड़ देते हैं और लोग देखकर भी आगे निकल जाते हैं, ऐसे समय में इस युवा का यह प्रयास समाज की सोई हुई चेतना को जगाने का काम कर रहा है। बिना किसी सरकारी सहायता या बड़े संगठन के सहारे, सिर्फ अपनी नेक नियत और सीमित बचत के दम पर शुरू किया गया यह अभियान आज सैकड़ों गोवंश की जान बचा चुका है। इस युवा की यह अनूठी पहल हमें सिखाती है कि बदलाव लाने के लिए बड़ी-बड़ी बातों की नहीं, बल्कि एक छोटे और सच्चे प्रयास की जरूरत होती है।

हरपालपुर में अवैध पान मसाला गोदाम पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

प्रतिबंधित केमिकल मिलाने वाले संचालक अवधेश यादव पर एफआईआर दर्ज

छतरपुर। जिले क़े हरपालपुर कस्बे में अवैध रूप से संचालित पान मसाला गोदाम के मामले में प्रशासन और पुलिस ने कड़ी कानूनी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा विभाग की लिखित शिकायत पर हरपालपुर थाना पुलिस ने गोदाम संचालक अवधेश यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जांच के दौरान खुलासा हुआ था कि पान मसाले में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक और सरकार द्वारा प्रतिबंधित मैग्नीशियम कार्बोनेट का उपयोग किया जा रहा था। साथ ही, बिना किसी वैध लाइसेंस के बड़े पैमाने पर निर्माण व भंडारण भी किया जा रहा था।



एसडीएम की छापेमारी में सील हुआ था गोदाम

पूरा मामला 14 अक्टूबर का है, जब छतरपुर कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशों पर एसडीएम नौगांव के नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल ने हरपालपुर के सरसेड़ रोड (वार्ड क्रमांक-1) स्थित संदिग्ध गोदाम पर आकस्मिक दबिश दी थी। जांच में बिना वैध खाद्य लाइसेंस और वैधानिक अनुमति के पान मसाले का निर्माण व पैकेजिंग पाए जाने पर प्रशासनिक टीम ने गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया था।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी वंदना जैन के अनुसार मौके से लहर सुप्रीम पान मसाला के 100 पैकेट, सर्कस पान मसाला के 50 पैकेट, पहेली क्लासिक सुपर ब्लेंडेड प्रीमियम पान मसाला के 25 पैकेट, खुले मसाले की 55 बोरियां और पैकेजिंग सामग्री के 250 बंडल जब्त किए गए थे। इन सभी नमूनों को सील कर जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

स्वीकार की प्रतिबंधित केमिकल की मिलावट

पूछताछ के दौरान 45 वर्षीय संचालक अवधेश यादव (निवासी ग्राम गुडो, थाना हरपालपुर) ने पान मसाले में सुपारी, चूना और इलायची के साथ प्रतिबंधित मैग्नीशियम कार्बोनेट मिलाने की बात स्वीकार की। खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत यह केमिकल पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बाद 22 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के लिखित प्रतिवेदन पर हरपालपुर पुलिस ने आरोपी संचालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 271, 274, 275 एवं 318(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



बस किराया दोगुना होने से ग्रामीण छात्रों की पढ़ाई पर संकट

मुख्यमंत्री को खून से खत लिखकर की गई राहत की मांग

छतरपुर। मध्य प्रदेश में बसों के बढ़े हुए किराए ने ग्रामीण इलाकों से आने वाले गरीब छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर गहरा संकट खड़ा कर दिया है। स्थिति यह है कि आर्थिक तंगी के चलते कई छात्र अपनी पढ़ाई छोडऩे को मजबूर हो रहे हैं। इसी समस्या के विरोध में बुंदेलखंड छात्र संगठन के बैनर तले छात्रों ने मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्र लिखकर किराया पुरानी दरों पर वापस लाने की गुहार लगाई है। संगठन ने उक्त ज्ञापन एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा है। संगठन के अध्यक्ष सत्येन्द्र शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अधिकांश छात्र किसान या मजदूरों के बेटे हैं। दिनभर मजदूरी करने पर करीब 350 से 400 रुपये की कमाई होती है, जिससे घर का खर्च चलाना ही मुश्किल होता है। ऐसे में पहले जहाँ बसों का किराया 50 रुपये लगता था, वह अब बढ़कर दोगुना यानी 90 से 100 रुपये तक पहुँच गया है। दो बच्चों के आने-जाने में ही 200 रुपये खर्च होने से परिवारों का बजट पूरी तरह चरमरा गया है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही किराया कम नहीं किया गया, तो वे उग्र प्रदर्शन और धरना देने के लिए विवश होंगे।

ट्रैक्टर से गिरकर लकड़ी की पाटी बाइक सवारों पर गिरी, दो बहनों और बेटे की मौत

छतरपुर। महोबा जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में छतरपुर जिले के बंसिया गांव के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मुंडन संस्कार कार्यक्रम से लौट रहे परिवार की बाइक पर ओवरटेक करते समय ट्रैक्टर पर रखी लकड़ी की पाटी जा गिरी। इस हादसे ने एक हंसते-खेलते परिवार को उजाड़ कर रख दिया है।

जानकारी के अनुसार बंसिया निवासी 43 वर्षीय लीला प्रजापति अपने मायके महोबा जिले के बरांय गांव गई थीं। वहां से वह रिवई गांव में आयोजित एक मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं। कार्यक्रम के बाद 25 अक्टूबर को वह अपनी बड़ी बहन विमला प्रजापति (46) और भतीजे 19 वर्षीय कपिल प्रजापति के साथ बाइक से वापस लौट रही थीं। बाइक कपिल चला रहा था, और उसके साथ मां विमला तथा मौसी लीला बैठी हुई थीं। ग्राम गहरौली के पास रास्ते में आगे चल रहे एक न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर को ओवरटेक करते समय यह दर्दनाक हादसा हुआ। ट्रैक्टर में कल्टीवेटर लगा था और उस पर लकड़ी की एक बड़ी पाटी रखी हुई थी। बाइक जब ट्रैक्टर के बगल से निकलने लगी, तभी अचानक लकड़ी की पाटी असंतुलित होकर बाइक सवारों के ऊपर आ गिरी।



अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों बहनों ने तोड़ा दम

हादसे में बाइक चला रहे कपिल प्रजापति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से विमला और लीला को तुरंत महोबा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान 26 अक्टूबर को दोनों बहनों ने भी दम तोड़ दिया।

एक ही हादसे में मां-बेटे और मौसी की मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया गया। लीला प्रजापति का अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम बंसिया में किया गया। इस त्रैमासिक और हृदय विदारक घटना से पूरे बंसिया गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

एमसीबीयू के कुलसचिव के खिलाफ पांच हजार का का वारंट जारी

छतरपुर। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ ने महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर के कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की अवहेलना करने और नोटिस तामील होने के बावजूद कोर्ट में प्रस्तुत न होने पर न्यायमूर्ति दीपक खोत की एकलपीठ ने कुलसचिव के विरुद्ध 5,000 रुपये का जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया है।यह कार्रवाई याचिकाकर्ता शिवम स्वर्णकार एवं अन्य की ओर से दायर अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान की गई। मामले की सुनवाई के समय याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता सिद्धांत कोचर ने पीठ को अवगत कराया कि



अनावेदक कुलसचिव को दस्ती नोटिस सफलतापूर्वक तामील कराया जा चुका है। इसके समर्थन में याचिकाकर्ता क्रमांक 6 का शपथ-पत्र भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। इसके बावजूद कुलसचिव की ओर से न तो कोई प्रतिनिधि उपस्थित हुआ और न ही कोई जवाब दाखिल किया गया। अनावेदक की इस गैर-मौजूदगी को गंभीरता से लेते हुए उच्च न्यायालय ने अगली सुनवाई में उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से वारंट जारी किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर 2026 को तय की है, जिस दिन कुलसचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में हाजिर होना होगा।

पांच भैंसों की चोरी का खुलासा नहीं होने से परेशान किसान ने मांगी इच्छा मृत्यु की अनुमति



कलेक्टर को सौंपा आवेदन

छतरपुर। जिले की राजनगर तहसील के ग्राम कंवर निवासी किसान गौरीशंकर यादव ने पांच भैंसों की चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने से परेशान होकर जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। आवेदक ने मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी गई भैंसों को बरामद कराने की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, 6 सितंबर 2026 को गौरीशंकर यादव की पांच भैंसें चोरी हो गई थीं। उन्होंने बमीठा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी थी। किसान का दावा है कि उन्होंने पुलिस को चोरी में इस्तेमाल वाहन के सीसीटीवी फुटेज, संदिग्धों के नाम और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध कराई थीं। इसके बावजूद भैंसों का पता नहीं चल सका। आवेदक ने आरोप लगाया कि संदिग्धों को पकडऩे के बाद छोड़ दिया गया। गौरीशंकर यादव ने बताया कि उन्होंने 13 अक्टूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक के समक्ष भी शिकायत दर्ज कराई थी। आवेदन में मामले की जांच एसडीओपी राजनगर को सौंपे जाने का उल्लेख है। किसान का आरोप है कि इसके बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने थाना प्रभारी और मुंशी पर कथित रूप से यह कहने का आरोप लगाया कि एक भैंस के पैसे दिलवा दिए जाएंगे, जबकि बाकी चार भैंसों को भूल जाने की बात कही गई। आवेदक ने शिकायत करने पर गाली-गलौज और झूठे मामले में फंसाने की धमकी मिलने का आरोप भी लगाया है। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

भैंसें चोरी होने से परिवार के सामने आजीविका का संकट

आवेदन में किसान ने स्वयं को भूमिहीन और आर्थिक रूप से कमजोर बताते हुए कहा है कि उनकी उम्र लगभग 55 वर्ष है और अब उनके लिए मेहनत-मजदूरी करना भी मुश्किल हो गया है। पांचों भैंसें परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन थीं। उनके चोरी हो जाने से परिवार गंभीर आर्थिक संकट में आ गया है। किसान के अनुसार, परिवार को भोजन तक की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

निष्पक्ष जांच और न्याय की गुहार

लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए गौरीशंकर यादव ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, चोरी गई पांचों भैंसों का पता लगाने और पुलिस की कार्यप्रणाली की जांच करने की मांग की है। उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की गुहार भी लगाई है।

लाखों की चोरी का खुलासा नहीं होने पर पीड़ित पहुंचे एसपी ऑफिस, जांच में लापरवाही के लगाए आरोप

चोरी का मामला, कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी को सौंपा आवेदन

छतरपुर। बिजावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लहर टपरिया में हुई लाखों रुपये की चोरी का अब तक खुलासा नहीं होने पर पीड़ित पक्ष ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायती आवेदन सौंपा। पीड़ितों ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी का खुलासा करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती आवेदन के अनुसार, पीड़ित के घर में सितंबर 2026 में चोरी की वारदात हुई थी। इस दौरान घर से सोने-चांदी के जेवरात



और नकदी सहित करीब 15 से 20 लाख रुपये की संपत्ति चोरी होने की बात कही गई है। घटना के संबंध में 20 सितंबर 2026 को बिजावर थाने में मामला दर्ज कराया गया था। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने जांच की, लेकिन अब तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका है। आवेदन में घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने, फिंगरप्रिंट की जांच कराने तथा संदिग्ध मोबाइल नंबरों की पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कराने और चोरी गई संपत्ति बरामद कराने की गुहार लगाई है।

स्वदेशी जागरण मंच ने छत्रसाल चौराहे पर एलन मस्क का फूंका पुतला



छतरपुर। शहर के व्यस्ततम छत्रसाल चौराहे पर स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए एलन मस्क का पुतला दहन किया। मंच ने अमेरिकी कंपनी स्टारलिंक की भारत में इंटरनेट सेवा शुरू करने की कोशिशों का कड़ा विरोध किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और देश की सुरक्षा के हित में स्टारलिंक को भारत में किसी भी प्रकार की अनुमति न देने की मांग की।

स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि जिन देशों में स्टारलिंक के सैटेलाइट इंटरनेट का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहाँ की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था पर नियंत्रण साधने का प्रयास किया गया है, जिससे उन देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर संकट पैदा हुआ है। भारत पहले से ही सुरक्षा संबंधी कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में स्टारलिंक के प्रवेश से देश की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए इस कंपनी को भारत में प्रवेश करने और व्यापार खड़ा करने की स्वीकृति बिल्कुल न दी जाए। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक दीपक तिवारी, जिला संयोजक योगेश अग्रवाल, शैलेन्द्र मिश्रा, मयूर वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, वीरेन्द्र तिवारी, सुदीप पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

मनोहर सिंह मंडलोई ने संभाली मऊगंज पुलिस अधीक्षक की कमान

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र जैन हैदराबाद ट्रेनिंग मे गए



मऊगंज। जिले की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कमान अब आईपीएस मनोहर सिंह मंडलोई के हाथों में आ गई है। उन्होंने सोमवार शाम 5 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पूर्व, तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र जैन मध्य-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम (MCTP) के तहत हैदराबाद रवाना हो गए हैं। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, राज्य के 14 आईपीएस अधिकारियों को हैदराबाद स्थित संस्थान में आयोजित 28वें मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम (Phase III) के लिए नामांकित किया गया है। यह विशेष प्रशिक्षण 26 अक्टूबर से 20 नवंबर 2026 तक चलेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान जिलों में सुचारू कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को अस्थाई प्रभार सौंपे गए हैं। इसी क्रम में मऊगंज की जिम्मेदारी मनोहर सिंह मंडलोई को सौंपी गई है। वर्ष 2012 बैच के अधिकारी मनोहर सिंह मंडलोई मऊगंज जिले के पहले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (Additional SP) रह चुके हैं। पूर्व पदस्थापना के दौरान उन्होंने अपनी सख्त कार्यशैली और बेहतरीन नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए कई जटिल एवं अंधी हत्याओं का खुलासा किया था। इसके अलावा, अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ उनकी ताबड़तोड़ कार्रवाई काफी चर्चा में रही थी। वे अपने अनुशासन, कार्यकुशलता और सख्त तेवर के लिए पहचाने जाते हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यालय पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

जरमोहरा बांध में मछली पालन पट्टे के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

रीवा। सिरमौर विकास खण्ड में स्थित जरमोहरा सिंचाई बांध में मछली पालन के लिए 10 वर्षीय पट्टे (लीज) के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक किया जा सकता है। इस बांध का जल क्षेत्र 285 हेक्टेयर है। इसके लिए 21375 रुपए प्रतिवर्ष की लीज राशि निर्धारित की गई है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बताया कि मछलीपालन पट्टा जारी करते समय अनुसूचित जाति जनजाति के पंरपरागत मछलीपालक किसानों, अन्य पिछड़ावर्ग तथा सामान्य वर्ग के पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें भी स्थानीय अनुसूचित जाति-जनजाति मछुआरों को वरीयता दी जाएगी। पंजीकृत मछुआपालन सहकारी समिति के आवेदन के साथ समिति का प्रस्ताव सदस्यों की प्रमाणिक सूची समिति का जीवित पंजीयन तथा पिछले तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट देना आवश्यक होगा।

2 से 3 लाख रुपए खर्च कराए, अंत में मिला बेटे का शव, मेडिकल कॉलेज के शासकीय डॉ. मुकेश तिवारी पर आरोप

रीवा में इलाज के नाम पर निजी अस्पतालों में चल रहा व्यापार, प्रार्थना हॉस्पिटल में मौत के बाद हंगामा





इलाज के भरोसे अस्पताल पहुंचे बेटे की लाश लेकर लौटे परिजन

रीवा। शहर के समान थाना क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल प्रार्थना हॉस्पिटल में 21 वर्षीय युवक अक्षय शुक्ला की मौत के बाद जमकर हंगामा हुआ। परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत इलाज, ओवरडोज दवा देने और लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। परिजनों के मुताबिक, अक्षय को सीने में संक्रमण और लूज मोशन की शिकायत पर पहले संजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसे प्रार्थना हॉस्पिटल ले जाने की सलाह दी जिसके बाद उसे दूसरे निजी अस्पताल प्रार्थना हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया परिजनों डॉक्टर से सवाल पूछा कि जब आपने सही इलाज करने का भरोसा दिया था तो फिर उनके मरीज की मृत्यु कैसे हुई। मृतक की हुआ अंकिता शुक्ला ने आरोप लगाया कि अस्पताल में इलाज के नाम पर परिजनों से डेढ़ से तीन लाख रुपए जमा कर लिए गए और बाद में उसे मृत्यु घोषित कर दिया गया, परिजनों ने डॉक्टर से जमकर बहसबाजी की और मृत्यु का सही कारण पूछा लेकिन डॉक्टरों द्वारा सही जवाब नहीं दिया गया जिससे परिजन और भड़क गए और जमकर हंगामा हुआ घटना की सूचना पर समान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया। परिजन संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। परिजन पूरी रात मृतक का शव लेकर अस्पताल पर बैठे रहे मंगलवार सुबह पुलिस के समझाइश के बाद मृतक के परिजन शव को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे जहां पंचनामा कार्यवाही के बाद शव परीक्षण हुआ, और परिजनों को शव सौंप दिया गया। पूर्व मामले की शिकायत मृतक परिजनों ने समान थाने में की है, मामले में वास्तविक स्थिति जांच और चिकित्सकीय दस्तावेजों की पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

दो दिन में ठीक करने का दिया था भरोसा

मृतक अक्षय शुक्ला के पिता सुभाष शुक्ला के मुताबिक, अक्षय को सीने में संक्रमण और लूज मोशन की शिकायत थी। उसे इलाज के लिए संजीवन अस्पताल लाया गया था। पिता का आरोप है कि उन्होंने बेटे को नागपुर ले जाने की इच्छा जताई थी, लेकिन डॉक्टर मुकेश तिवारी ने दो दिन में ठीक करने का भरोसा दिया था। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान अक्षय को टीबी की दवा दी गई, जिसके बाद उसे खून की उल्टियां होने लगीं। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने पर दूसरे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

डॉक्टर ने कहा संजय गांधी में नहीं है अच्छी व्यवस्था

पूरे मामले की जानकारी देते हुए मृतक की बुआ अंकिता शुक्ला ने बताया कि डॉ मुकेश तिवारी मेडिकल कॉलेज के संजय गांधी अस्पताल में शासकीय चिकित्सक है, उन्होंने बताया कि हम लोगों ने जब उनके निजी अस्पताल संजीवनी हॉस्पिटल में मरीज को लेकर गए तो उनके द्वारा कहा गया कि हम जल्द इनका अच्छे से ठीक कर देंगे, लेकिन बाद में जब हालत बिगड़ने लगी तो उन्होंने मरीज को प्रार्थना अस्पताल रेफर कर दिया, परिजनों ने जब सवाल पूछा कि आप संजय गांधी के शासकीय डॉक्टर है तो आप हमारे मरीज को संजय गांधी अस्पताल क्यों नहीं भेज रहे तो डॉक्टर मुकेश तिवारी द्वारा कहा गया कि वहां अच्छी व्यवस्था नहीं है वहां गंभीर रोड रोगी वार्ड नहीं है आप इन्हें प्रार्थना अस्पताल लेकर जाएं वहां यह ठीक हो जाएंगे, परिजनों का आरोप है कि बेहतर इलाज के नाम पर उनसे दो से तीन लाख रुपए खर्च कराए गए, लेकिन आखिर में बेटे की मौत हो गई। परिवार का कहना है कि वे बेटे को बचाने की उम्मीद में उपचार कराते रहे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

मौत के बाद शव हटाने सहित दस्तावेजों के पन्ने तक फाड़ दिए

अक्षय की मौत के बाद अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया। उनका आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने शव को बाहर निकालने की कोशिश की। परिजनों ने मरीज की जांच और उपचार से संबंधित दस्तावेजों की फाइल से कुछ पन्ने फाड़ने या गायब कर दिए गए, परिजनों ने मांग की है कि उपचार से जुड़े सभी दस्तावेजों की जांच कराई जाए और संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

इंजीनियरिंग कॉलेज का छात्र था अक्षय, परिवार का इकलौता बेटा

अक्षय शुक्ला शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन अचानक हुई मौत ने उन्हें गहरे सदमे में डाल दिया। पिता अपने बेटे को बचाने के लिए अस्पतालों के चक्कर लगाते रहे।

चिकित्सक और शिक्षक के घर हुई चोरी सहित अन्य सिलसिलेवार चोरियों का खुलासा, 23 लाख का माल बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार



बदमाशों की गैंग किराए का कमरा लेकर देते थे वारदात को अंजाम

रीवा। शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय हुई रीवा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने सिलसिलेवार चोरियों के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 23 लाख रुपए कीमत का मशरूका बरामद किया है। बरामदगी में लगभग 18 लाख रुपए कीमत का 110 ग्राम गलाया हुआ सोना, 2 लाख रुपए नकद, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी शामिल हैं। अब पुलिस आरोपियों से शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है।

बता दे शहर में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रीवा डॉ. गुरकरन सिंह ने आरोपियों की पतासाजी और वारदातों का खुलासा करने के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया था। पूरे अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) भावना मरावी के मार्गदर्शन में की गई। नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक के नेतृत्व में गठित अलग-अलग टीमों को सौंपी गई। इस अभियान में समान थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष मिश्रा, गोविंदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक पवन शुक्ला और साइबर सेल की टीम को शामिल किया गया। सभी टीमों ने आपसी समन्वय के साथ संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस ने चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए घटनास्थलों और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में मिले तथ्यों के साथ तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया गया। इसके आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनकी गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों को पूछताछ के लिए लिया गया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में चोरी की घटनाओं में उनकी संलिप्तता सामने आई। इसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर चोरी से संबंधित मशरूका बरामद किया गया।

18 लाख का गलाया हुआ सोना, 2 लाख नकद बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 23 लाख रुपए कीमत का सामान बरामद किया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बरामदगी 110 ग्राम गलाया हुआ सोना है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपए बताई गई है। इसके अलावा 2 लाख रुपए नकद और दो दोपहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद मशरूके की कुल अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपए है। मोटरसाइकिल और स्कूटी का चोरी की वारदातों से संबंध तथा उनके उपयोग के संबंध में विस्तृत जांच की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में मऊगंज और रीवा के निवासी शामिल

पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र के ग्राम पलिया दुबान के निवासी हैं, जबकि दो आरोपी रीवा जिले के मनगवां थाना क्षेत्र के रघुनाथगंज के निवासी बताए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में विकेश कुमार साकेत (25 वर्ष), पिता महिपाल साकेत, निवासी ग्राम पलिया दुबान, थाना लौर, जिला मऊगंज वर्तमान पता जियो पेट्रोल पंप के पीछे, सोनउरा, थाना विश्वविद्यालय, रीवा, सुनील सोनी (24 वर्ष): पिता स्व. अशोक सोनी, निवासी रघुनाथगंज, थाना मनगवां, रीवा,अब्दुल रहीम (28 वर्ष): पिता अब्दुल कलाम,निवासी रघुनाथगंज, थाना मनगवां, रीवा,सुरेश साकेत (28 वर्): पिता प्रसंगी साकेत, निवासी ग्राम पलिया दुबान, थाना लौर, जिला मऊगंज,अन्य चोरियों की पड़ताल में जुटी पुलिस चार आरोपियों की गिरफ्तारी और करीब 23 लाख रुपए का मशरूका बरामद होने के बाद उनसे घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है।

आईटीआई में आज टाटा मोटर्स का प्लेसमेंट ड्राइव

रीवा। शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) रीवा में आगामी 28 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट ड्राइव टाटा मोटर्स लिमिटेड (सानंद, अहमदाबाद, गुजरात) में 'प्रोडक्शन ट्रेनी' के पदों पर भर्ती के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य सौरभ शुक्ला ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 18 से 23 वर्ष की आयु के ऐसे आवेदक शामिल हो सकते हैं जिन्होंने हाईस्कूल के साथ संबंधित ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई जैसे फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, टर्नर, मोटर मेकेनिक, ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल/सिविल, सर्वेयर, इलेक्ट्रॉनिक मेकेनिक, आरएसी, उत्तीर्ण की हो। लर्न एंड अर्न प्रोग्राम के तहत चयनित उम्मीदवारों को अप्रेंटिसशिप के तौर पर जॉइनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही, उन्हें गणपत यूनिवर्सिटी के माध्यम से डिप्लोमा इन मेकाट्रॉनिक्स की पढ़ाई करने का भी सुनहरा अवसर मिलेगा।

एनसीएल की पहल से सिंगरौली परिक्षेत्र के युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण और रोजगार का अवसर



एनसीएल के मल्टी स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारंभ

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सीएसआर पहल के अंतर्गत सिंगरौली स्थित सीडब्ल्यूएस के आवासीय परिसर के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र के मल्टी स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य सिंगरौली (मध्य प्रदेश) एवं सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) के युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसरों से जोड़ना है।इस कार्यक्रम के अंतर्गत तीन वर्षों में 1,530 युवाओं को पांच ट्रेडों में प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, असिस्टेंट माइन सर्वेयर, लोडर ऑपरेटर (माइनिंग), फोर-व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन तथा फ्रंटलाइन हेल्थ केयरगिविंग असिस्टेंट (महिलाओं के लिए विशेष) शामिल हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को तकनीकी एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़े और वे विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम के तहत प्रमाणित प्रशिक्षित उम्मीदवारों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य भी रखा गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान एनसीएल के प्रबंधक (सीएसआर) प्रशांत कुमार, सीडब्ल्यूएस की प्रबंधक (सीएसआर) श्वेता कुमारी, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के उप महाप्रबंधक शांतनु घोष, मोसाइक प्राइवेट लिमिटेड से तरुण आनंद तथा अन्य उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र की तैयारियों एवं प्रथम बैच के समयबद्ध संचालन की समीक्षा की गई। प्रशिक्षुओं एवं प्रशिक्षण से जुड़े कर्मियों से संवाद कर कार्यक्रम के सुचारु क्रियान्वयन पर चर्चा की। गौरतलब है कि एनसीएल अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से स्थानीय युवाओं के कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

देर रात रझौही पहुंचा प्रशासनिक व पुलिस अमला, न्यूक्लियर प्लांट के खिलाफ अनशन कर रहे प्रदर्शनकारियों को पहुंचाया अस्पताल

रीवा। जिले के रझौही गांव में प्रस्तावित टाटा न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में कई दिनों से चल रहा आमरण अनशन और जलसत्याग्रह बीती रात समाप्त हो गया। रात करीब डेढ़ बजे भारी संख्या में प्रशासन और पुलिस की टीम प्रदर्शन स्थल पर पहुंची।

अधिकारियों ने आंदोलनकारियों की बिगड़ती तबीयत का हवाला देते हुए उन्हें अनशन समाप्त कर इलाज कराने की समझाइश दी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा समेत चार प्रमुख प्रदर्शनकारियों को संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में ग्रामीणों के साथ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत और आश्वासन मिलने के बाद ही अनशन समाप्त करने का फैसला लिया। प्रशासन की ओर से आश्वस्त किया गया है कि जब तक प्रदर्शनकारियों का अस्पताल में इलाज चलेगा, तब तक रझौही गांव में पावर प्लांट से संबंधित किसी भी तरह का प्रारंभिक कार्य या गतिविधि नहीं की जाएगी। हालांकि, प्लांट की स्थापना को लेकर ग्रामीणों की आपत्तियां अभी बरकरार हैं। अस्पताल में भर्ती आम आदमी पार्टी के नेता प्रमोद शर्मा ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि वे स्थानीय ग्रामीणों और समाजसेवियों के साथ मिलकर प्रस्तावित न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन और जलसत्याग्रह कर रहे थे। कई दिनों से जारी अनशन के दौरान प्रदर्शनकारियों की तबीयत बिगड़ने लगी थी। प्रमोद शर्मा के मुताबिक, बीती रात करीब 1:30 बजे प्रशासन और पुलिस की टीम बड़ी संख्या में प्रदर्शन स्थल पर पहुंची।

एनटीपीसी विंध्याचल में आपसी सम्मान एवं विश्वास पर कार्यशाला आयोजित

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में मूल मूल्य अंतर्गत 24 अक्टूबर 2026 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान के विश्वेश्वरैया हॉल में कर्मचारियों के लिए "आपसी सम्मान एवं विश्वास" विषय पर एक संवादात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का संचालन डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (आरएलआई) ने किया। उन्होंने वास्तविक जीवन की परिस्थितियों, विचारोत्तेजक केस स्टडी और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से इस मूल मूल्य के महत्व को समझाया। मेंटीमीटर के माध्यम से लाइव संवाद और दृश्य प्रस्तुतीकरण का प्रभावी उपयोग करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। डॉ. त्रिपाठी ने विभिन्न परिस्थितियों और संवाद के माध्यम से बताया कि आपसी सम्मान एवं विश्वास एनटीपीसी के मूल मूल्यों की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि ये मूल्य मजबूत टीमों, प्रभावी संवाद, बेहतर सहयोग और संगठनात्मक उत्कृष्टता को सुदृढ़ करते हैं। कार्यशाला की व्यावहारिक एवं सहभागितापूर्ण शैली को कर्मचारियों ने सराहा। इस अवसर पर श्री प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं आपसी सम्मान और विश्वास के मूल मूल्य चैंपियन ने ज्ञानवर्धक कार्यशाला के संचालन तथा कर्मचारियों को इन मूल्यों को अपने दैनिक व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु डॉ. त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त किया।

सत्यनिष्ठा से समृद्धिः एनटीपीसी विंध्याचल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ



सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं नैतिक प्रशासन के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए 27 अक्टूबर 2026 को प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम), श्री सी.बी. ओझा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), श्री एच.पी. देवांगन, महाप्रबंधक (वीएसआर ओवरहॉलिंग), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) तथा श्री अनिरुद्ध सिंह, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभागाध्यक्षों, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा कार्यपालक प्रशिक्षुओं ने भी सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात श्री टी.आर. राधिश, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता) ने स्वागत उद्बोधन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की विषयवस्तु "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी तथा सभी से उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया।मुख्य अतिथि श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने अपने संबोधन में कहा कि सत्यनिष्ठा केवल नियमों और प्रक्रियाओं तक सीमित न रहकर प्रत्येक व्यक्ति की आदत बननी चाहिए और यह सभी कार्यक्षेत्रों में लिए जाने वाले निर्णयों एवं निभाई जाने वाली जिम्मेदारियों में प्रतिबिंबित होनी चाहिए। उन्होंने परिवर्तन, सुधार, सरलीकरण और जवाबदेही के महत्व पर बल देते हुए सभी कर्मचारियों से उच्चतम नैतिक मानकों का पालन करने तथा भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में सामूहिक योगदान देने का आह्वान किया। इस प्रतिबद्धता को दोहराते हुए श्री एम. सुरेश ने उपस्थित जनों को अंग्रेजी में तथा श्री निर्मल कुमार सिंह, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) ने हिंदी में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कामना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री फुलजेंस केरकेट्टा ने किया।